दिनांक : 20.02.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

दिल्ली शपथ ग्रहण

भारतीय जनता पार्टी की पहली बार की विधायक रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ छह कैबिनेट मंत्रियों-प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी शपथ ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहे। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने भी समारोह शिरकत की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की सोच है कि लोकतंत्र में हर वर्ग से लोग आने चाहिए।

वेव्स चैलेंज

अगर आप इलेक्ट्रॉनिक संगीत निर्माता हैं और डीजे संगीत में आपकी रुचि है तो वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 आपकी प्रतिभा दिखाने का सबसे बेहतरीन मंच है।

भारतीय संगीत उद्योग और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' के हिस्से के रूप में "रेजोनेट: द ईडीएम चैलेंज" का आयोजन कर रहा है यह मंच उभरते और अनुभवी दोनों तरह के संगीतकारों के लिए दो चरणों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खुला है: प्रारंभिक दौर में प्रतिभागी अपने मूल ईडीएम ट्रैक ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे जिसका मूल्यांकन उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा और शीर्ष 10 प्रविष्टियों को चुना जाएगा।

ग्रैंड फिनाले के फाइनलिस्ट वेव्स 2025 में लाइव प्रदर्शन करेंगे। यहां विजेताओं को 2 लाख और उपविजेता को 50 हजार रुपए इनाम दिए जाएंगे। चैलेंज के बारे में जानकारी के लिए वेबसाइट https://indianmi.org/resonate-the-edm-challenge/ पर जाएं। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मार्च है। उल्लेखनीय है कि वेव्स 2025 एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है जो 1 मई से 4 मई तक मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नवाचार, रचनात्मकता और सहयोग को बढ़ावा देना है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। 22 फरवरी तक सभी कामों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मेहमानों के लिए बनाई जा रही टेंट सिटी में होटल जैसी सभी सुविधाएं जुटाई जा रही है। .समिट में देश-

विदेश से लगभग 32 हजार मेहमानों के शिरकत करने की उम्मीद जताई जा रही। दूसरी और जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा समिट से पूर्व आज से 23 फरवरी तक शहर के विभिन्न स्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

मुख्यमंत्री   जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल जबलपुर के उमरिया ग्राम में 53 एकड़ में बनाई जा रही गौशाला परियोजना के पहले चरण का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने जिले के 187.43 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 2600 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं लेने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को 2 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि इसी माह से दी जायेगी।

समाचार संक्षेप में

- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में अब तक एक लाख 88 हजार 645 किसानों ने गेहूँ की विक्री के लिए पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।
- दतिया के दूरसडा में टैक्सी और अज्ञात वाहन की टक्कर में टैक्सी सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए।

- शिवपुरी जिले में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा 25 जबकि हाईस्कूल परीक्षा 27 फरवरी से प्रारंभ होगी। जिले में 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 19 केंद्र रिजर्व रखे गए हैं।
- भिंड जिले के मेहगांव क्षेत्र में नेशनल हाईवे–719 पर एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। दो घायलों को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज दोपहर ढाई बजे दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।